# डाटा सेंटर नीति के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति गठित

लखनऊ। शासन ने डाटा सेंटर नीति के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सशक्त समिति और अपर मुख्य सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स की अध्यक्षता में नीति कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) का गठन कर दिया है। डाटा सेंटर नीति-2021 में इस समिति व इकाई के गठन की व्यवस्था है। शासन ने सशक्त समिति व इकाई की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। 200 करोड़ से अधिक निवेश वाली परियोजनाएं सशक्त समिति की संस्तुति पर कैबिनेट के समक्ष मंजूरी के लिए भेजी जाएंगी। पीआईयू निवेश प्रस्तावों पर अनुमोदन, प्रोत्साहनों के वितरण व सशक्त समिति के लिए संस्तुति करेगी।

इसके अलावा विशेष सचिव आईटी ऋषिरेंद्र कुमार को डाटा सेंटर नीति के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अपर मुख्य सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अरविंद कुमार ने इस संबंध में अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। ब्यूरो

## बरेली आईटी पार्क के लिए 10 करोड़ मंजूर

शासन ने बरेली में आईटी पार्क (साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क) की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस धनराशि से जमीन की खरीद की जाएगी। प्रदेश कैबिनेट ने पिछले दिनों इस पार्क की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।